ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 24


## धर्म पूछकर गार्ड्स पर चाकू से वार, आरोपी के पास ISIS से जुड़े दस्तावेज



24 न्यूज अपडेट

मुंबई, 28 अप्रैल। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के मीरा रोड इलाके में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक युवक ने धर्म पूछने के बाद दो सिक्योरिटी गार्ड्स पर चाकू से हमला कर दिया। जांच एजेंसियों के अनुसार यह हमला 'लोन वुल्फ' यानी अकेले प्लान किया गया आतंकी प्रयास हो सकता है।

पुलिस ने आरोपी की पहचान 31 वर्षीय जैब जुबेर अंसारी के रूप में की है। घटना सोमवार सुबह करीब 4 बजे मीरा रोड के नया नगर क्षेत्र में हुई।

### धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा और किया हमला

पुलिस के अनुसार, एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में ड्यूटी कर रहे सिक्योरिटी गार्ड राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन पर आरोपी ने पहले धर्म पूछा। इसके बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी केबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब वह ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी ताबड़तोड़ वार किए गए। दोनों घायल गार्डों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

CCTV से पहचान, डेढ़ घंटे में गिरफ्तारी घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे करीब डेढ़ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 4 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

### ATS का खुलासाः ISIS से जुड़े नोट्स, अकेले रची साजिश

मामले की जांच कर रही महाराष्ट्र एंटी टेररिज्म स्क्वाड ने आरोपी के घर से ISIS से जुड़े दस्तावेज, एक लैपटॉप और धार्मिक सामग्री बरामद की है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने अपने नोट्स में ISIS में शामिल होने की इच्छा जताई थी और इस हमले को पहला कदम बताया था। एजेंसियों के अनुसार यह 'सेल्फ-रैडिकलाइजेशन' का मामला है, जिसमें व्यक्ति इंटरनेट के जरिए कट्टरपंथी बनकर खुद ही हमला प्लान करता है।

अमेरिका से लौटा, ऑनलाइन कोचिंग देता था ATS के मुताबिक, आरोपी साइंस ग्रेजुएट है और अमेरिका में रहा। नौकरी नहीं मिलने पर वह भारत लौट आया और मीरा रोड में रहकर ऑनलाइन केमिस्ट्री की कोचिंग देता था। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी अफगानिस्तान की है, जो अब उसे छोड़कर अमेरिका चली गई है। जांच एजेंसियां उसके मोबाइल और लैपटॉप की गहन जांच कर रही हैं। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपी कट्टरपंथी बन चुका था और जिहाद के नाम पर हिंदुओं को निशाना बनाना चाहता था। फिलहाल इस मामले की जांच ATS के साथ-साथ अन्य केंद्रीय एजेंसियां भी कर रही हैं।

## सोना 1629 गिरकर 1.50 लाख पर आया:ऑलटाइम हाई से 26 हजार सस्ता हो चुका; चांदी में आज 5,381 की गिरावट




24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 28 अप्रैल को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,629 रुपए घटकर 1.50 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले गुरुवार को यह 1.51 लाख पर था।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 5,381 रुपए घटकर 2.38 लाख रुपए रह गई। चांदी की कीमत कल यानी 27 अप्रैल को 2.49 लाख रुपए थी।

## राजा रघुवंशी हत्याकांडः पत्नी सोनम को जमानत, परिवार बोला-हाईकोर्ट जाएंगे



24 न्यूज अपडेट

इंदौर/शिलॉन्ग, 28 अप्रैल। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को शिलॉन्ग की अदालत से जमानत मिल गई है। चौथी सुनवाई में कोर्ट ने राहत देते हुए जमानत मंजूर की। सोनम फिलहाल शिलॉन्ग जेल में बंद थी और जल्द रिहा हो सकती है। मामले की पुष्टि विवेक स्येम (एसपी, शिलॉन्ग) ने करते हुए कहा कि अदालत ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए यह निर्णय लिया है। वहीं मृतक राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि जमानत एक दिन पहले ही मिल चुकी थी और अब वे इस फैसले को चुनौती देने के लिए हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

### परिवार नाराज, बोला-नहीं मिला इंसाफ

राजा की मां ने जमानत पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में साजिश और मिलीभगत है। परिवार का कहना है कि वे इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

### अब तक 5 में से 4 आरोपियों को जमानत

इस केस में गिरफ्तार पांच आरोपियों में से चार को अब तक जमानत मिल चुकी है। इनमें सोनम रघुवंशी के अलावा लोकेंद्र सिंह तोमर, बलबीर अहिरवार और शिलोम जेम्स शामिल हैं। जबकि कथित प्रेमी राज कुशवाह अभी भी जेल में है।

### हनीमून के दौरान हुई थी हत्या

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शादी 11 मई 2025 को सोनम से हुई थी। 21 मई को दोनों हनीमून के लिए शिलॉन्ग गए, जहां 23 मई को राजा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। करीब 10 दिन बाद पुलिस ने उनका शव 30 फीट गहरी खाई से बरामद किया, जिस पर धारदार हथियार से कई वार के निशान थे। जांच में सामने आया कि सोनम ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

### तीन बार खारिज हुई थी जमानत, चौथी बार मिली राहत

सोनम रघुवंशी जून 2025 से जेल में बंद थी। इससे पहले उसकी तीन जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं, लेकिन चौथी बार अदालत ने उसे राहत दे दी।

## उदयपुर सहित राजस्थान तप रहाः जैसलमेर 46.4C, जयपुर में छिड़काव; कहीं आंधी-ओले, कहीं आग का खतरा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान इन दिनों भीषण गर्मी और लू की दोहरी मार झेल रहा है। हालात ऐसे हैं कि एक ओर जैसलमेर में 40 साल में दूसरी बार पारा 46.4 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं उदयपुर में हल्की गिरावट के बावजूद दिन का तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है। राजधानी जयपुर में 43.5 डिग्री तापमान के बीच सड़कों पर पानी का छिड़काव करना पड़ रहा है, जबकि कुछ जिलों में अंधड़ और ओलावृष्टि ने हालात बदल दिए हैं। पश्चिमी राजस्थान में गर्मी अपने चरम पर है। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो पिछले चार दशकों में दूसरी बार है। रात का तापमान भी असामान्य रूप से ऊंचा बना हुआ है। वहीं बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, धौलपुर और करौली सहित अधिकांश शहरों में पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। राजधानी जयपुर में दिन के साथ रातें भी राहत नहीं दे रहीं। यहां दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री से अधिक ऊपर 43.5 डिग्री और रात का पारा 31.7 डिग्री तक पहुंच गया। हीटवेव के असर को कम करने के लिए नगर निगम द्वारा प्रमुख सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। इसी बीच मौसम ने कुछ इलाकों में करवट भी ली। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और बीकानेर में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे, जबकि चूरू, सीकर, झुंझुनूं और अलवर में धूलभरी आंधी चली। मौसम विभाग ने 11 जिलों में आंधी-बारिश और 2 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

### उदयपुरः तापमान गिरा, लेकिन गर्मी बरकरार

उदयपुर में पिछले दो दिनों की तुलना में तापमान में मामूली राहत मिली है। 28 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज हुआ, जो एक दिन पहले 42 डिग्री था। न्यूनतम तापमान भी घटकर 24 डिग्री पर आ गया। इसके बावजूद दोपहर बाद शहर की सड़कें सूनी नजर आईं। पर्यटकों की आवाजाही लगभग थम गई। बलीचा पहाड़ी क्षेत्र में लगी भीषण आग ने करीब 15 हेक्टेयर वन क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया।

### टोंक में अंधड़ से हड़कंप

टोंक के नगरफोर्ट क्षेत्र के रतनपुरा गांव में आए अंधड़ ने धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह समारोह में भारी नुकसान किया। तेज हवा से टेंट फट गया और पोल गिर गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## सेंसेक्स 417 अंक गिरकर 76,887 पर बंद:निफ्टी भी 97 अंक टूटा, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में बिकवाली रही




24 न्यूज अपडेट

आज यानी 28 अप्रैल को सेंसेक्स 417 अंक (0.54%) की गिरावट के साथ 76,887 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 97 अंकों (0.40%) की गिरावट रही, ये 23,996 पर आ गया। आज बैंक में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई। आज बैंकिंग, ऑटो और IT शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही।

## भारत-रूस मिलकर यूरिया फैक्ट्री लगाएंगे:अभी जरूरत का 71% यूरिया मिडिल-ईस्ट से आता है; अगले 2 साल में उत्पादन शुरू होगा




24 न्यूज अपडेट

ईरान जंग के कारण पैदा हुए यूरिया संकट के बीच भारत और रूस ने जॉइंट वेंचर में फर्टिलाइजर प्लांट लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी हैं। यह प्लांट रूस के समारा में लगाया जा रहा है, जो अगले दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसे लेकर हाल ही में एक भारतीय दल ने रूस का दौरा किया है।

भारत और रूस के इस साझा प्रोजेक्ट में करीब 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश होना है। रूस में लगने वाले 20 लाख टन क्षमता के यूरिया प्रोजेक्ट में इंडियन पोटाश लिमिटेड, RCF और NFL शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट के जरिए भारत खाद के आयात पर निर्भरता कम करना चाहता है।

### मिडल-ईस्ट पर निर्भरता कम करने की तैयारी

भारत अपनी खेती के लिए नाइट्रोजन आधारित खाद यूरिया पर बहुत ज्यादा निर्भर है। वर्तमान में भारत अपनी जरूरत का करीब 71% यूरिया मिडल-ईस्ट के देशों से आयात करता है।

## सोशल मीडिया पर तलवार लहराने वाला युवक गिरफ्तार, पुलिस की सख्त कार्रवाई

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो अपलोड कर दहशत फैलाने के मामले में खेरवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी करनाराम जाट के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहयोग से आरोपी को चिन्हित कर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया पर तलवार लहराते हुए फोटो अपलोड कर उसे वायरल कर रहा था, जिससे आमजन में भय का माहौल बन रहा था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी राजपाल (उम्र 20 वर्ष), निवासी बंजारिया, थाना खेरवाड़ा को तलवार सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी से पूछताछ जारी है। टीम में शामिल पुलिसकर्मी दिग्विजयसिंह (सहायक उपनिरीक्षक), नरेश कुमार (हेड कांस्टेबल 1228), भंवरसिंह (कांस्टेबल 821) एवं अंशुल (चालक कांस्टेबल 2306) ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## किन्नर अखाड़ा उज्जैन महामंडलेश्वर के बाउंसरों ने एडवोकेट का सिर फोड़ा, लूटपाट का आरोप



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 28 अप्रैल। राजधानी जयपुर में मंगलवार सुबह चिंकारा कैंटिन के पास एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब काफिले में शामिल बाउंसरों ने एक एडवोकेट पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित कुणाल शर्मा, निवासी मांग्यावास, मानसरोवर, अपनी कार से सेशन कोर्ट जा रहे थे। चिंकारा कैंटिन ट्रैफिक लाइट के पास कार पार्क करते समय मध्यप्रदेश नंबर की छह लग्जरी गाड़ियों के काफिले में शामिल एक वाहन ने उनकी कार को टक्कर मार दी। विरोध करने पर गाड़ियों से उतरे 5-6 बाउंसरों ने उन पर हमला कर दिया। धर्मवीर सिंह ने बताया कि टक्कर के बाद काफिले की गाड़ियां रुकीं और बाउंसरों ने एडवोकेट के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में कुणाल शर्मा के सिर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने उनका मोबाइल, नकदी और सोने की चेन भी छीन ली। बीच-बचाव करने आए लोगों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना के दौरान पास में मौजूद होमगार्ड जवान भूपेंद्र सिंह ने वीडियो बनाना शुरू किया, लेकिन बाउंसरों ने उसे पकड़कर धमकाया और जबरन वीडियो डिलीट करवाया। बाद में साथियों की मदद से होमगार्ड को छुड़ाया गया। पीड़ित के अनुसार यह काफिला किन्नर अखाड़ा उज्जैन के महामंडलेश्वर काली नंद गिरी का था, जिसमें डिफेंडर, फॉर्च्यूनर, स्कॉर्पियो सहित छह गाड़ियां शामिल थीं। घटना के बाद बनीपार्क थाना पुलिस में एडवोकेट कुणाल शर्मा सहित अन्य वकीलों ने शिकायत दर्ज करवाई है। वहीं हरमाड़ा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान काफिले की एक गाड़ी जब्त कर चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com
wathsapp : 8852073787

## संपादकीय : सुविधा की सियासत

देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक दल को छोड़ कर दूसरे में शामिल होने को लोकतांत्रिक अधिकार के तौर पर देखा जाता है। मगर सच यह भी है कि जब जनप्रतिनिधियों ने सिद्धांतों के बजाय सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने को एक आम चलन बनाना शुरू कर दिया, तब इस पर लगाम लगाने की जरूरत पड़ी और इसी क्रम में दल-बदल विरोधी कानून अस्तित्व में आया। विडंबना यह है कि इस कानून के लागू होने के बावजूद अलग- अलग कारणों का हवाला देकर विधायकों या सांसदों के पाला बदलने या दूसरी पार्टियों में शामिल होने के मामले आए दिन सामने आते रहे हैं। मगर इस बार आम आदमी पार्टी से जुड़े राज्यसभा के सात सांसदों ने जिस तरह अपने दल को छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने की घोषणा की है, उसने एक बार फिर राजनीति में नैतिकता और दल-बदल कानून की प्रासंगिकता पर बहस छेड़ दी है। गौरतलब है कि राज्यसभा में आप के दस सांसद थे। उनमें से राघव चड्ढा सहित सात सांसदों ने पार्टी छोड़ दी। उनका मानना है कि चूंकि अलग होने वाले सांसदों की संख्या दो तिहाई की कसौटी पर पूरी है, इसलिए दल- बदल विरोधी कानून के तहत यह गलत नहीं है। संभव है कि आप छोड़ कर भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं के लिए सिर्फ कानून के प्रावधानों पर खरा उतरना ही किसी कार्रवाई से बचने के लिए काफी है, लेकिन सवाल है कि क्या केवल तकनीकी तौर पर सही होकर ही खुद को नैतिकता की कसौटी पर भी उचित मान लिया जा सकता है। यों, आम आदमी पार्टी की ओर से संबंधित सातों सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग करने की बात कही गई है। हवाला यह दिया गया है कि दल-बदल कानून में राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार का विभाजन वा गुटबंदी करने पर स्पष्ट तौर पर मनाही की गई है. भले ही वहां दो- तिहाई बहुमत हो । जाहिर है, आप के नेता अब दल-बदल से संबंधित कानूनी बारीकियों के मुताबिक कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। मगर यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर मान्यता का मुद्दा उठने पर अंतिम फैसला क्या आता है। एक सवाल अपना दल छोड़ कर सांसदों के भाजपा में शामिल होने और पार्टी के रूप में विलय से जुड़े संदर्भ का भी उठेगा। हालांकि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा की राजनीतिक सक्रियता जिस तरह उलझी हुई दिख रही थी, उसके मद्देनजर पहले से ही उनके पार्टी से बाहर होने की संभावना जताई जा रही थी। मगर उनके साथ जिस तरह छह अन्य नेताओं ने पार्टी छोड़ी है, उसे लेकर राजनीतिक हलके में थोड़ी हैरानी जताई जा रही है। देश की राजनीति में बिना किसी सैद्धांतिक आधार के सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने की प्रवृत्ति और इसके सहारे सरकारों की स्थिरता के प्रभावित होने के हालात को रोकने के लिए दल-बदल कानून बनाया गया था। मगर पिछले कुछ वर्षों से इस कानून के तहत मिली छूट का लाभ उठा कर कई राज्यों में जिस तरह सरकारें बदली गई, उसमें कहीं भी सैद्धांतिक कसौटी का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा गया। ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिनमें सिर्फ परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए विचारधारात्मक प्रतिबद्धता के सवाल को दरकिनार कर दिया गया और ऐसे नेताओं के लिए दल-बदल कानून कोई बाधा नहीं बना। इसी क्रम में आप के सात सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर फिर यह सवाल उठा है कि आखिर दल-बदल कानून की प्रासंगिकता क्या रह गई है।

## शोर के विरुद्ध

महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक में दूषित हवा के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। विभिन्न अध्ययन रपटों में यह बात सामने आई है। कि ज्यादातर बड़े शहरों में शोर का स्तर तय मानकों से काफी अधिक है। इसका मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है और बहरापन, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, नींद की कमी तथा मानसिक तनाव जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं इसी के मद्देनजर हाल में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने राष्ट्रीय राजधानी में नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई, उचित निगरानी और जुर्माना अनिवार्य कर दिया गया है। मगर सवाल है कि क्या कागजों में कड़े प्रावधान कर देने से ध्वनि प्रदूषण को रोका जा सकता है ? इससे संबंधित नियम-कानून से लेकर अदालतों के आदेश पहले से मौजूद है, तो फिर नए निर्देश जारी करने की जरूरत क्यों पड़ी। जाहिर है कि कार्यान्वयन में कई स्तरों पर लापरवाही बरती जा रही है। गौरतलब है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत लागू किया गया था। इन नियमों का उद्देश्य लाउडस्पीकर, वाहनों के हार्न, निर्माण कार्य और औद्योगिक मशीनों जैसे सभी स्रोतों से ध्वनि के स्तर को नियंत्रित कर जनस्वास्थ्य तथा पर्यावरण की सुरक्षा करना है। नियमों में विभिन्न क्षेत्रों के लिए दिन और रात के समय ध्वनि के मानक तय किए गए हैं, जिनमें संबंधित प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना रात दस बजे से सुबह छह बजे के बीच लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध भी शामिल है। मगर इन नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने का जिम्मा संभाले प्राधिकारियों के दायित्व निष्पक्षता और ईमानदारी पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। आलम यह है कि कई जगह ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए लगाए गए यंत्र निष्क्रिय पड़े हैं और जहां से यंत्र काम कर रहे हैं, उनमें दर्ज आंकड़ों का भी शोर कम करने के उपायों में समुचित इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जब तक अधिकारियों के स्तर पर जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक किसी भी नियम और दिशा-निर्देश का असर धरातल पर नजर नहीं आएगा।

# श्वास नली से निकाला 32 एमएम का स्क्रू, 17 वर्षीय युवक को मिला नया जीवन, फ्लेक्सिबल ब्रान्कोस्कोपी तकनीक का किया सफल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रैल। रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित संभाग के सबसे बड़े टी.बी. एवं चेस्ट अस्पताल, बड़ी के चिकित्सकों ने एक जटिल मामले में 17 वर्षीय युवक की श्वास नली में फंसे 32 गुणा 4 मिमी के लोहे के स्क्रू को बिना किसी चीर-फाड़ और बिना मरीज को बेहोश किएबाहर निकालने में सफलता हासिल की है। मरीज को 25 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती किया गया और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अगले ही दिन 26 अप्रैल को सफलतापूर्वक प्रोसीजर संपन्न किया गया।

### हादसा और गंभीर स्थिति

सहायक प्रोफेसर डॉ. महेश माहिच ने बताया कि युवक सुथारी का काम करते समय गलती से एक लंबा स्क्रू निगल गया था, जो सीधे उसके दाएं फेफड़े की श्वास नली में जा फंसा। इसके कारण मरीज को लगातार खांसी, छाती में दर्द और बलगम में खून आने की गंभीर समस्या हो गई थी।

**प्रिंसिपल डॉ. राहुल जैन का वक्तव्य-**

इस सफल चिकित्सकीय प्रक्रिया पर आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन ने कहा- बड़ी स्थित टी.बी. एवं चेस्ट अस्पताल द्वारा बिना जनरल एनेस्थीसिया (बेहोशी) और बिना किसी सर्जरी के फ्लेक्सिबल ब्रान्कोस्कोपी के जरिए इस स्क्रू को निकालना चिकित्सकों की उच्च स्तरीय कुशलता को दर्शाता है। आमतौर पर ऐसे मामलों में बड़े ऑपरेशन या रिजिड ब्रान्कोस्कोपी की आवश्यकता होती है, लेकिन हमारी टीम ने मिनिमल इन्वासिव के साथ मरीज को राहत दी है। आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में अब जटिल से जटिल फॉरेन बॉडी रिमूवल की सुविधाएं सुलभ हैं, जो आमजन के लिए राहत की बात है।

### दुर्लभ तकनीक से उपचार

सीनियर प्रोफेसर डॉ. महेन्द्र कुमार बैनाड़ा के मार्गदर्शन में टीम ने इस सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि अक्सर श्वास नली में फंसी वस्तु निकालने के लिए मरीज को बेहोश करना पड़ता है, लेकिन यहाँ टीम ने फ्लेक्सिबल ब्रान्कोस्कोपी का उपयोग कर जोखिम को कम किया और मरीज को त्वरित स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया। इस मिशन में डॉ. महेन्द्र कुमार बैनाड़ा, डॉ. महेश माहिच के साथ एस.आर. डॉ. प्रकाश बिश्नोई, डॉ. भावना, डॉ. हेमकरण, डॉ. गोविन्द, डॉ. राहुल, नर्सिंग अधिकारी गीता और ओ.टी. स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# बीकानेर में उदयपुर का दमदार प्रदर्शन, 6 पदक जीतकर बढ़ाया मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रैल। जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के खिलाड़ियों ने बीकानेर के चिरंजीवी कुंज सभागार में आयोजित 45वीं राजस्थान राज्य जूनियर एवं 23वीं राज्य सब जूनियर इक्युप्ड पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 6 पदक अपने नाम किए। संघ के सचिव विनोद साहू ने बताया कि 59 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में रूपेश बरांडा ने तीन नए राज्य कीर्तिमान बनाते हुए 507.5 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने 59 किलोग्राम जूनियर वर्ग में रजत पदक जीतकर दूसरा पदक भी अपने नाम किया। 74 किलोग्राम जूनियर वर्ग में जयेश कामोया ने 625 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि 74 किलोग्राम मास्टर-2 वर्ग में सोहनलाल नलवाया ने स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में 43 किलोग्राम जूनियर में मानसी रावत ने 265 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि 47 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में हंसिका कामोया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं 59 किलोग्राम जूनियर वर्ग में युवराज सिंह और 83 किलोग्राम जूनियर वर्ग में मितांशु सेन का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव साहू रहे, जबकि महिला टीम की कोच राष्ट्रीय चैंपियन नीलम डांगी थीं। उपलब्धि पर राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली, सचिव डॉ. देवेंद्र साहू, उदयपुर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विनोद साहू, सचिव मुकेश जैन, जिला तीरंदाजी संघ के सचिव एवं पूर्व खेल अधिकारी गिरधारी सिंह चौहान, राजस्थान स्ट्रेंथलिफ्टिंग संघ के सचिव चंद्रेश सोनी तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेंद व्यास सहित कई खेल संगठनों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# 23 घंटे 45 मिनट के लिए उदयपुर आएंगे राज्यपाल कटारिया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रैल। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया 5 मई को उदयपुर के संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 5 मई को सुबह 11:25 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे और अगले दिन 6 मई को सुबह 11:10 बजे प्रस्थान करेंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल कटारिया डबोक पहुंचने के बाद दोपहर 12:10 बजे महाराणा भूपाल अस्पताल पहुंचकर कार्डियोलॉजी यूनिट का शुभारंभ करेंगे तथा आरएनटी मेडिकल कॉलेज से जुड़े अधिकारियों की बैठक भी लेंगे। इसके बाद वे विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित समयानुसार 6 मई को सुबह 11:10 बजे वे डबोक एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे। इस प्रकार उनका उदयपुर प्रवास लगभग 23 घंटे 45 मिनट का रहेगा।


# नारायण सेवा संस्थान में 101 निशुल्क सर्जरी शिविर का उद्घाटन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान के सेवातीर्थ में मंगलवार को आतंकवाद निरोधी दस्ता (ATS) की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्वाति शर्मा ने 101 दिव्यांगजनों के लिए आयोजित निशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वाति शर्मा ने संस्थान में दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न निःशुल्क सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पी एंड ओ (Prosthetics & Orthotics) कार्यशाला, मोबाइल एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र सहित अन्य सेवा प्रकल्पों का निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों से भेंट कर उनकी समस्याओं और जीवन संघर्ष को समझा। अपने उद्बोधन में स्वाति शर्मा ने कहा कि संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य और संवेदनशीलता को देखकर वे अभिभूत हैं। दिव्यांगजनों की जीवटता और आत्मबल से उन्हें बहुत बड़ी प्रेरणा मिली है। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर अतिथि का पारंपरिक रूप से शॉल ओढ़ाकर, पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। जनसंपर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़, विष्णु शर्मा हितैषी एवं महिम जैन ने उनका स्वागत करते हुए संस्थान के भावी संकल्पों से अवगत कराया। इस मौके पर डॉ. मानस रंजन साहू, बड़ी यूनिट हेड अनिल आचार्य एवं राकेश शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# डूंगरपुर में समय बदला, सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक लगेंगी कक्षाएं




24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 28 अप्रैल। भीषण गर्मी और हीटवेव के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए देशलदान (जिला कलेक्टर, डूंगरपुर) ने कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों के समय में बदलाव के आदेश जारी किए हैं। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेशानुसार अब जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होंगी। यह नई समय-सारिणी 16 मई तक प्रभावी रहेगी। इसी व्यवस्था को आंगनवाड़ी और मां-बाड़ी केंद्रों पर भी लागू किया गया है, ताकि छोटे बच्चों को लू और अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। प्रशासन ने स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश केवल कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों और आंगनवाड़ी/मां-बाड़ी केंद्रों के बच्चों पर लागू होगा। स्कूल स्टाफ, परीक्षाएं और कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# मंदिर के पास नाली में मिला भ्रुण



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती भासौर गांव में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास नाली में एक लावारिस कन्या भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी मनीष कुमार खोईवाल ने बताया कि टेलीफोन के माध्यम से सूचना मिली थी कि भासौर गांव में लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप नाली में एक भ्रूण पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायत के माध्यम से आवश्यक कागजी कार्रवाई और पंचनामा तैयार कर भ्रूण को कब्जे में लिया गया। वही इसके बाद पुलिस ने भ्रूण को सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। डॉक्टर्स ने भ्रूण का पोस्टमार्टम किया तो सामने आया कि भ्रूण कन्या का है और करीब 4 से 5 माह का है। इधर पुलिस इस मामले में गहनता से जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह भ्रूण किसका है और किन परिस्थितियों में इसे यहाँ छोड़ा गया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ हाल ही में प्रसव कराने वाली महिलाओं और गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड भी देख रही है ताकि दोषियों का पता लगाया जा सके।

# विश्व पुस्तक दिवस समारोह का समापन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रैल। राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय एवं सलिला संस्था, सलूम्बर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विश्व पुस्तक दिवस समारोह का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में दिल्ली, डूंगरपुर और सलूम्बर के साहित्यकारों की भागीदारी रही तथा 60-70 विद्यार्थियों ने लाभ उठाया। मुख्य अतिथि एनसीईआरटी, दिल्ली की डॉ. पूनम अग्रवाल ने कहा कि "पुस्तकें अविनाशी हैं, मोबाइल विनाशी है" और विद्यार्थियों को सफलता के पांच सूत्र बताए। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश पंचाल ने अच्छी पुस्तकों के चयन पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश प्रेमी ने विचार रखे। संस्था अध्यक्ष डॉ. विमला भंडारी ने बताया कि पहले दिन बाल कविता प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 13 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मधु माहेश्वरी ने किया, आभार जगदीश भंडारी ने जताया। इस अवसर पर प्रकाश शर्मा, मुकेश राव, शिवनारायण आगाल, काव्या भंडारी, किरण दमामी, शंकरलाल पांडे, स्नेहलता भंडारी, भगवानलाल त्रिवेदी, श्यामलाल सोनी एवं रमेश कचोरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सुखेर थाना क्षेत्र में चोरी, घर से सोने-चांदी के आभूषण उड़ाए

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्राह्मणों का गुड़ा कुम्भा मगरा निवासी जोधसिंह सिसोदिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 अप्रैल की रात्रि लगभग दस बजे अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुसा और सोने-चांदी के आभूषण चुरा कर ले गया। घटना की सूचना 27 अप्रैल को शाम को पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले की जांच पुलिस अधिकारी जगदीश चंद्र के निर्देशन में की जा रही है।

## विश्वविद्यालय मार्ग से वाहन चोरी

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। जिले के सुखेर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ब्राह्मणों का गुड़ा कुम्भा मगरा निवासी जोधसिंह सिसोदिया (33) ने रिपोर्ट दी कि 26 अप्रैल को दोपहर लगभग एक बजकर 40 चालीस मिनट पर विश्वविद्यालय मार्ग के पास खड़ी उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। घटना की सूचना 27 अप्रैल को दी गई, जिस पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच पुलिस अधिकारी भगवतीलाल के निर्देशन में की जा रही है।

## घर में घुसकर मारपीट, कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, फतहनगर थाना क्षेत्र का मामला

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। फतहनगर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। परिवादी की शिकायत पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आळेगणा का खेड़ा निवासी भंवरलाल कुमावत (35) ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में परिवाद प्रस्तुत कर बताया कि 23 अप्रैल की रात्रि को आरोपियों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की तथा उसे चोटें पहुंचाई। परिवाद के आधार पर पुलिस ने 27 अप्रैल को मामला दर्ज किया। प्रकरण में फुलचन्द्र कुमावत सहित आठ से दस लोगों को नामजद किया गया है, जबकि कुछ अन्य की पहचान की जा रही है। सभी आरोपी फतहनगर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच पुलिस अधिकारी कालूलाल के निर्देशन में की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सविना थाना क्षेत्र में युवक के साथ मारपीट, एक नामजद

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सविना थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादी की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, महुवाल सरेरा निवासी अनिल कुमार (29) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। घटना 27 अप्रैल को सविना क्षेत्र में हुई बताई गई है। मामले में पुलिस ने जावर माइन्स क्षेत्र निवासी सुनील को नामजद किया है। घटना के बाद परिवादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रकरण की जांच पुलिस अधिकारी अरविंद कुमार के निर्देशन में की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टीडी बस स्टैण्ड के पास सड़क हादसा, युवक की मौत, एक घायल

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। जिले के टीडी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर स्थित बस स्टैण्ड के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बारापाल वाड़ी फला निवासी नाथु मीणा ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई गौतमलाल मीणा अपने साथी हेमराज के साथ वाहन से जा रहा था। इसी दौरान टीडी बस स्टैण्ड के पास पीछे से आई एक मोटरसाइकिल ने लापरवाहीपूर्वक टक्कर मार दी। हादसे में गौतमलाल मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि हेमराज घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मोटरसाइकिल चालक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच अधिकारी बद्रीलाल के निर्देशन में की जा रही है।

# पाटिया थाना पुलिस की कार्रवाई, अवैध देशी टोपीदार बंदूक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 28 अप्रैल। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पाटिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देशी टोपीदार बंदूक सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर की गई। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मौजा काकरा डूंगरा में एक व्यक्ति अवैध देशी टोपीदार बंदूक अपने कब्जे में रखे हुए है। इस पर टीम ने मौके पर दबिश देकर बिना वैध लाइसेंस के हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रूपा (उम्र 51 वर्ष), निवासी काकाडूंगरा, थाना पाटिया, जिला उदयपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टीम में शामिल पुलिसकर्मी:

प्रभुलाल (सहायक उपनिरीक्षक), सोहनलाल (कांस्टेबल 1002), कैलाश (कांस्टेबल 961), रमेश (कांस्टेबल 402) और दिनेश (कांस्टेबल 318) ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नाबालिग का फोटो इंस्टाग्राम पर डालकर बदनाम करने का मामला, आरोपी भी नाबालिग

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 28 अप्रैल। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर बदनाम करने और उसे घर से ले जाने के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। प्रकरण में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार महिला ने रिपोर्ट दी कि आरोपी ने उनकी नाबालिग दोहिती का फोटो इंस्टाग्राम पर डालकर उसे बदनाम किया। साथ ही उसे घर से उठाकर ले जाने का भी प्रयास किया गया। मामले में आरोपी भी नाबालिग बताया गया है। सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी पुरण सिंह (पुलिस उपनिरीक्षक) को नियुक्त किया गया है।

## कोकापुर-भासोर के जंगलों में लगी भीषण आग

**24 न्यूज अपडेट**

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के निकटवर्ती कोकापुर भासौर के बीच आंतरी रेंज के जंगलों में सोमवार रात भीषण आग आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान रात को इसी रस्ते से गुजर रहे AYSP के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार ने तुरंत अपनी जान जोखिम में डालते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। मुकेश कुमार ने बताया कई बार 101 और 112 पर कॉल किया, लेकिन लंबे समय तक कोई जवाब नहीं मिला। मजबूरन उन्होंने खुद अपने गमछे से आग बुझाने की कोशिश की। आग बुझाते समय उनका गमछा भी जल गया कई मिनट तक लगातार कोशिश जारी रही लेखी।आग तेजी से फैलती गई और बेकाबू हो गई गर्मी, धुएं और जंगली जानवरों के खतरे के चलते उन्हें आखिरकार पीछे हटना पड़ा।

# ठोकर चौराहा पर जुआ-सट्टा खेलते 63 वर्षीय आरोपी मिंटू सरदार गिरफ्तार

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। प्रतापनगर थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ-सट्टा खेलने और खिलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रकरण संख्या 258/2026 में भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 27 अप्रैल को शाम करीब 8:38 बजे ठोकर चौराहा क्षेत्र में संगठित रूप से लोगों से रुपए दांव पर लगाकर जुआ-सट्टा खेला जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रणजीत सिंह छाबरा उर्फ मिन्टू सरदार (उम्र 63 वर्ष), निवासी तिलक कॉलोनी, हाल मेहता जी की बाड़ी, सेक्टर-3 हिरणमगरी, थाना प्रतापनगर, जिला उदयपुर के रूप में हुई है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह की प्रमुख भूमिका रही, जबकि मामले की जांच उपनिरीक्षक रेणु खोईवाल द्वारा की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जावर माता मंदिर चोरी और हनुमान मंदिर तोड़फोड़ पर विहिप का विरोध, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) उदयपुर महानगर ने जिले में मंदिरों से जुड़ी दो गंभीर घटनाओं को लेकर प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने एक ओर जावर माता मंदिर में हुई चोरी के मामले में चार माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर सवाल उठाए हैं, वहीं दूसरी ओर हाल ही में हनुमान मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है।

जावर माता मंदिर चोरीः 4 माह बाद भी नहीं पकड़े गए आरोपी विहिप द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में बताया गया कि राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री जावर माता जी में चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोर माता जी के मुकुट और आभूषण सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए।

पुजारी विनोद जी द्वारा उसी दिन एफआईआर दर्ज कराई गई थी। ज्ञापन के अनुसार, घटना को चार माह बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा न तो किसी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और न ही चोरी गया सामान बरामद किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस से संपर्क करने पर केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। घटना के पांच दिन बाद ग्रामीणों ने थाने पर एकत्र होकर विरोध दर्ज कराया था, लेकिन अब तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश है।

### हनुमान मंदिर में तोड़फोड़, क्षेत्र में दहशत

इसी बीच विहिप ने शहर के एक हनुमान मंदिर में बीती रात हुई तोड़फोड़ की घटना को भी गंभीर बताया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, देर रात 5-10 अज्ञात युवकों ने मंदिर परिसर में घुसकर पथराव किया और मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, जिससे आमजन में रोष व्याप्त है।

विहिप महानगर अध्यक्ष सुशील मुद्रा, विभाग मंत्री आकाश सोनी, अशोक प्रजापत, धर्म यात्रा संघ प्रमुख सुशील जांगिड़ सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रशासन से दोनों मामलों में निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। संगठन ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की भी अपील की है। विहिप ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन जनआंदोलन के लिए बाध्य होगा। डॉ. चंद्र प्रकाश देखावत प्रचार विभाग, विश्व हिंदू परिषद, उदयपुर महानगर ने यह जानकारी दी।

# लोयरा में फर्नीचर फैक्ट्री में वेस्ट मटेरियल से भीषण आग, डेढ़ घंटे में 5 दमकलों ने पाया काबू

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर लोयरा गांव में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक फर्नीचर फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री के पिछले हिस्से में रखे वेस्ट मटेरियल को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड और बड़गांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आग बुझाने के लिए दमकल की 5 गाड़ियां लगाई गई। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे घना धुआं उठता हुआ 2 से 3 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। हालांकि राहत की बात यह रही कि फैक्ट्री के आसपास घनी आबादी नहीं है। करीब 1 किलोमीटर दूरी पर ही कुछ घर स्थित हैं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, फैक्ट्री के बाहर "श्रुति सिंथेटिक फैक्ट्री" का बोर्ड लगा हुआ है, लेकिन हाल के समय में वहां फर्नीचर निर्माण का कार्य किया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना से पहले फैक्ट्री परिसर में लगे बिजली के पोल में अचानक ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद चिंगारी से पीछे रखे वेस्ट मटेरियल ने आग पकड़ ली। आग इतनी तेज थी कि उसके मुख्य फैक्ट्री क्षेत्र तक फैलने का खतरा बना हुआ था। नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (CFO) बाबूलाल चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियां रवाना की गई और समय रहते आग को मुख्य उत्पादन क्षेत्र तक पहुंचने से रोक लिया गया। उन्होंने बताया कि फोम और पॉलिथीन जैसे ज्वलनशील पदार्थों के कारण धुआं अधिक फैला। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। फैक्ट्री मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है और प्रारंभिक जांच में आग का कारण बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट के बाद हुआ ब्लास्ट माना जा रहा है।




## समता नगर में दो लोगों से मारपीट, मामला दर्ज पुलिस जांच में जुटी

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। हिरण मगरी थाना क्षेत्र में समता नगर में दो व्यक्तियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस के अनुसार, सेक्टर 3 समता नगर निवासी ललित सिंह शेखावत (40) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके साथ और उसके एक साथी के साथ आरोपियों ने मारपीट की। घटना 24 अप्रैल को दोपहर के समय की बताई गई है, जबकि रिपोर्ट 27 अप्रैल को दर्ज कराई गई। मामले में मुकेन्द्र सहित अन्य व्यक्तियों को आरोपी बताया गया है, जो समता नगर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। प्रकरण की जांच पुलिस अधिकारी रतन सिंह के निर्देशन में की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी कर राशि खाते में मंगवाने का मामला दर्ज

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। जिले के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी कर राशि अपने खाते में मंगवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ब्रजराज सिंह जो वर्तमान में गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में कार्यरत हैं, ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी ने फर्जी तरीके से लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर रकम अपने खाते में मंगवाई। मामले में हिम्मत सिंह देवड़ा, निवासी नई कॉलोनी सविना, को नामजद किया गया है। आरोप है कि उसने अपने खाते का उपयोग कर धोखाधड़ी की राशि प्राप्त की। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। प्रकरण की जांच पुलिस अधिकारी देवेन्द्रपुरी के निर्देशन में की जा रही है।

## नाबालिग को बहलाकर दुष्कर्म का आरोप, पोक्सो अधिनियम में मामला दर्ज

**24 न्यूज अपडेट**


उदयपुर। गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका को बहलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवाद के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ई ब्लॉक ओम बन्ना मंदिर दक्षिण विस्तार क्षेत्र की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मामले में सुनिल पुत्र धनाराम को नामजद किया गया है, जो उसी क्षेत्र का निवासी बताया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा बाल संरक्षण से जुड़े विशेष कानून के तहत मामला दर्ज किया है। प्रकरण की जांच थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के निर्देशन में की जा रही है।

## पार्किंग विवाद में रेस्टोरेंट पर मारपीट, मामला दर्ज

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के हिरण मगरी थाना क्षेत्र में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में रेस्टोरेंट पर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस के अनुसार, चित्तौड़गढ़ जिले के नपानिया निवासी शकरलाल जाट (32) जो वर्तमान में सेक्टर 3 स्थित वासुदेव भोजनालय में कार्यरत हैं, ने शिकायत दर्ज कराई कि दुकान पर आरोपियों ने आकर मारपीट की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह विवाद पास स्थित एक सेनेटरी की दुकान के सामने पार्किंग को लेकर हुआ था जो बाद में झगड़े में बदल गया। मामले में सुनिल पोखरना और शेरोन पोखरना, निवासी सेक्टर 3 पर आरोप लगाया गया है। घटना 26 अप्रैल को हुई बताई गई है। पुलिस ने घटनास्थल का नक्शा तैयार कर लिया है तथा चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया है। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच सहायक उपनिरीक्षक मोहन सिंह द्वारा की जा रही है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन के निर्देशन तथा वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह और थानाधिकारी रविन्द्र चारण के मार्गदर्शन में की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी में दो पारी स्कूलों का नहीं बदला समय, शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक को सौंपा ज्ञापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी, तेज लू और तपती दोपहरी के बीच छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को लेकर बड़ा मुद्दा उठाया है। संगठन ने दो पारी में संचालित विद्यालयों के समय में तत्काल बदलाव की मांग करते हुए निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को विस्तृत ज्ञापन भेजा है।

## भीषण गर्मी में बच्चों पर संकट

संघ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रदेश में इस समय गर्मी अपने चरम पर है। तेज "लू" के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित है, लेकिन इसके बावजूद नन्हे-मुन्ने बच्चों को दोपहर की भीषण गर्मी में विद्यालय जाना पड़ रहा है। खासकर 3 से 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह स्थिति स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यंत चिंताजनक है।

## दो पारी व्यवस्था बनी परेशानी की जड़

प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश के कई विद्यालयों में भवन और कक्षा-कक्षों की भारी कमी है। पिछले वर्ष बारिश में कई जर्जर भवन क्षतिग्रस्त होकर हटाए गए, जिससे कक्षाओं का संकट और बढ़ गया। अधिक नामांकन के चलते विभाग ने कई स्कूलों में दो पारी (शिफ्ट) में पढ़ाई शुरू करवाई है—

प्रथम पारीः सुबह 7:00 बजे से 12:30 बजे तक
द्वितीय पारीः दोपहर 12:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक

विभागीय व्यवस्था के अनुसार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं को द्वितीय पारी में संचालित किया जा रहा है, जिससे छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ रही है।

## बाल वाटिका के बच्चे भी प्रभावित

संघ ने बताया कि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और पीएम श्री विद्यालय में बाल वाटिका का संचालन भी हो रहा है, जहां 3 वर्ष तक के छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं। इन बच्चों का दोपहर की भीषण गर्मी में विद्यालय जाना उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

## उदयपुर सहित प्रदेश के उदाहरण

संघ ने अपने ज्ञापन में उदयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के ऐसे विद्यालयों का विवरण भी दिया, जहां द्वितीय पारी में छोटे बच्चों की बड़ी संख्या पढ़ाई कर रही है—

MGGS पहाड़ा (उदयपुर शहर) – 195 विद्यार्थी
सिंधी भाषाई विद्यालय, प्रतापनगर (उदयपुर) – 92 विद्यार्थी
MGGS राउमावि पडूना – नर्सरी से कक्षा 6 तक 398 विद्यार्थी
राउमावि बड़ी उन्दरी, गिर्वा – कक्षा 1 से 6 तक 295 विद्यार्थी
राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नागानगरी – 50 विद्यार्थी
महात्मा गांधी विद्यालय पई, गिर्वा – नर्सरी से कक्षा 8 तक 326 विद्यार्थी
दरबार सेठ चंपालाल बोहरा राउमावि, रायपुर (ब्यावर) – 275 विद्यार्थी
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसोप (जोधपुर) – 265 विद्यार्थी

## सरकार के निर्देश, लेकिन अधूरी राहत

संघ ने यह भी उल्लेख किया कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश (क्रमांकः शिविरा/माध्य/मा-स/शीतलहर/लू/2013-25/71) के तहत जिला कलेक्टरों को 16 मई 2026 तक स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार विद्यालय समय में परिवर्तन या अवकाश घोषित करने के अधिकार दिए गए हैं।

हालांकि, प्रदेश महामंत्री गोपाल मीणा के अनुसार कई जिलों में कलेक्टरों ने समय परिवर्तन कर राहत दी है, लेकिन दो पारी में संचालित विद्यालयों के लिए अब तक कोई विशेष निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

## संघ की प्रमुख मांगें

शिक्षक संघ ने ज्ञापन में निम्न मांगें रखी हैं—

दो पारी में संचालित विद्यालयों को एकल (प्रातःकालीन) पारी में संचालित किया जाए

जिन जिलों में अभी तक समय परिवर्तन नहीं हुआ है, वहां तत्काल आदेश जारी किए जाएं

छोटे बच्चों (बाल वाटिका व प्राथमिक कक्षाएं) को दोपहर की पारी से मुक्त किया जाए\"द्वितीय पारी वाले स्कूलों को विभाग भूल गया"

संघ ने आरोप लगाया कि जहां एकल पारी वाले विद्यालयों के समय में कटौती कर राहत दी जा रही है, वहीं दो पारी वाले विद्यालयों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है, जिससे हजारों बच्चों को भीषण गर्मी में पढ़ाई के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा।

# मुख्य सचिव और डीजीपी ने 181 हेल्पलाइन का किया निरीक्षण, बताया देश में सर्वश्रेष्ठ



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राज्य में सुशासन और अपराधों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली, शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया और गुणवत्ता की गहन समीक्षा की। उन्होंने एक प्रकरण को केस-स्टडी के रूप में सुनकर समाधान प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रभावशीलता को भी परखा।

## पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निवारण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें।

निरीक्षण के बाद उन्होंने संदेश पट्ट पर लिखा कि "राजस्थान संपर्क पोर्टल" देश की सर्वश्रेष्ठ शिकायत निवारण प्रणाली है। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज होने से लेकर उसके तार्किक समाधान तक की डिजिटल प्रक्रिया अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल है।

## डीजीपी ने लिया लाइव अनुभव

पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने केंद्र में शिकायतों की लाइव सुनवाई का अनुभव लिया और इसे "आई-ओपनर" बताते हुए कहा कि यह तंत्र सार्वजनिक शिकायत निवारण को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जयपुर ग्रामीण के फागी क्षेत्र के एक प्रकरण में परिवादी हेमराज बुनकर से बातचीत भी की। इस मामले में परिवादी ने रेनवाल मांझी थाने में एफआईआर दर्ज नहीं होने की शिकायत 181 हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। बाद में संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि उसी दिन परिवाद दर्ज कर लिया गया था और जांच जारी है।

अधिकारियों को दिए निर्देश डीजीपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि— शिकायतों का सही श्रेणीकरण किया जाए, सटीक सब्जेक्ट रिवीजन और उचित लेवल मैपिंग सुनिश्चित हो, सर्विस डिलीवरी से जुड़े मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए, लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए

## 95% शिकायतों का समाधान

आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक वर्ष में पुलिस विभाग से जुड़े कुल 1,60,292 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें से 1,52,444 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। यह लगभग 95 प्रतिशत समाधान दर है, जो प्रणाली की प्रभावशीलता और त्वरित कार्रवाई को दर्शाता है।

# अब दुनिया और करीबः अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवाओं का विस्तार, 200+ देशों तक आसान कनेक्टिविटी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रैल। भारतीय डाक विभाग ने आमजन को वैश्विक स्तर पर बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवाओं का विस्तार किया है। उदयपुर डाक मंडल के अंतर्गत सभी प्रधान डाकघरों एवं उप डाकघरों में अब अंतर्राष्ट्रीय मेल सुविधा उपलब्ध कर दी गई है, जिससे नागरिक आसानी से विदेशों में पत्र, दस्तावेज एवं पार्सल भेज सकेंगे। प्रवर अधीक्षक ने बताया कि विभाग की इन सेवाओं के माध्यम से अब 200 से अधिक देशों तक सामग्री भेजना संभव हो गया है। यह पहल विशेष रूप से व्यापार, शिक्षा, ई-कॉमर्स और व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिससे वैश्विक संपर्क और अधिक सुलभ व प्रभावी बन सके।

## प्रमुख सेवाएं जो आमजन के लिए उपयोगी

ईएमएस (एक्सप्रेस मेल सेवा): सबसे तेज अंतर्राष्ट्रीय सेवा, जिससे दस्तावेज और पार्सल कम समय में दुनिया भर में भेजे जा सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पार्सल सेवाः 35 किलोग्राम तक के पार्सल विदेश भेजने की सुविधा (गंतव्य देश के अनुसार सीमा में बदलाव संभव)। आईटीपीएस (इंटरनेशनल ट्रैक पैकेट सर्विस): ई-कॉमर्स शिपमेंट के लिए उपयुक्त सेवा, सामान्यतः 2 किलोग्राम (अमेरिका के लिए 5 किलोग्राम तक) तक के पार्सल भेजे जा सकते हैं।

## घर बैठे बुकिंग की सुविधा

ग्राहक "क्लिक एंड बुक" सुविधा के माध्यम से घर बैठे अंतर्राष्ट्रीय डाक बुक कर सकते हैं, वहीं नजदीकी डाकघर में जाकर भी यह सेवा प्राप्त की जा सकती है। डाक शुल्क पार्सल के वजन (भौतिक एवं आयतन आधारित) तथा गंतव्य देश के अनुसार निर्धारित किए जाते हैं। इंडिया पोस्ट की यह पहल प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर सेवाएं उपलब्ध कराते हुए आमजन को किफायती और भरोसेमंद विकल्प प्रदान कर रही है। विभाग का उद्देश्य तेज, सुरक्षित और पारदर्शी अंतर्राष्ट्रीय डाक सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को वैश्विक स्तर पर जोड़ना है।

# 5 मई तक करें छात्रवृत्ति आवेदन में आक्षेप पूर्ति

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रैल। शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में यथा अनुसूचित जनजाति/अनु. जनजाति/अति. पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक पिछड़ा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के छात्रवृति आवेदन पत्र में आक्षेप पूर्ति कराने/महाविद्यालय स्तर पर लम्बित/छात्रों के स्तर पर आक्षेपित/लम्बित आवेदन पत्रों की अन्तिम तिथि 5 मई 2026 निर्धारित की गई है। संयुक्त निदेशक गिरीश भट्नागर ने बताया कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृति हेतु वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में छात्रवृति पोर्टल पर राजकीय एवं गैर राजकीय शिक्षण संस्थाओं /छात्र/छात्राओं के स्तर पर लम्बित छात्रवृति के आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति की अन्तिम तिथि 5 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। सम्बन्धित शिक्षण संस्थान निर्धारित तिथि तक बच्चों से आक्षेप पूर्ति करा आवेदन इस कार्यालय को अग्रेषित करें ताकि छात्र/छात्राओं को छात्रवृति की स्वीकृति सम्बन्धी कार्यवाही की जा सकें ।

# उदयपुर में ग्राम रथ अभियान का शुभारंभ, सांसद-विधायक ने दिखाई हरी झण्डी




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 अप्रैल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट के तहत किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों तक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से "ग्राम रथ अभियान" का जिला स्तरीय शुभारंभ मंगलवार को सूचना केंद्र, उदयपुर में किया गया। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी तथा जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि यह अभियान सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में कई पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में ग्राम रथ गांव-गांव जाकर जागरूकता बढ़ाएंगे और किसानों-ग्रामीणों को लाभान्वित करेंगे। उन्होंने इसे "समृद्ध किसान-खुशहाल राजस्थान" की दिशा में अहम पहल बताया। वहीं विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास और किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। ग्राम रथ अभियान से योजनाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुंचेगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक पात्रों को लाभ मिलेगा। इससे पूर्व अभियान के नोडल अधिकारी जिला परिषद सीईओ विरमा राम एवं उपनिदेशक जनसंपर्क गौरीकान्त शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व उपसभापति महेंद्रसिंह शेखावत, संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) सुधीर वर्मा, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, उपनिदेशक उद्यानिकी डॉ. कैलाशचंद्र शर्मा, उप पंजीयक सहकारी समितियां लोकेश जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 दिन तक गांव-ढाणी में पहुंचेंगे ग्राम रथ

नोडल अधिकारी विरमा राम ने बताया कि आगामी 15 दिनों तक एलईडी स्क्रीन युक्त मोबाइल वैन "ग्राम रथ" जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार गांव-ढाणी तक पहुंचेंगे। इन रथों के माध्यम से किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दृश्य माध्यम से दी जाएगी। रथों में मुख्यमंत्री के संदेश और संवाद कार्यक्रमों का प्रसारण भी होगा। प्रत्येक रथ में सुझाव पेटिका रखी गई है, जिससे ग्रामीणों के सुझाव एकत्र किए जाएंगे। रथों की लाइव लोकेशन और गतिविधियों की फोटो डीओएमएस ऐप पर अपलोड की जाएगी। अभियान में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास सहित 13 विभाग शामिल हैं, जो अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे।

# कार्यशाला से मिली सीख को आगे बढ़ाने पर जोर, शिल्पग्राम में सात दिवसीय पेपरमैशी कार्यशाला का समापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को सात दिवसीय वेस्ट टू वेल्थ (पेपरमैशी) कार्यशाला का समापन हुआ। साथ ही इस कार्यशाला में बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा 16 से 30 अप्रेल के अंतर्गत सात दिवसीय वेस्ट टू वेल्थ (पेपरमैशी) कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ। केन्द्र निदेशक ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों द्वारा वेस्ट टू वेल्थ से बनाई गई पेपर मैशी कलाकृतियों की प्रशंसा की। केन्द्र निदेशक ने बताया कि इस कार्यशाला में अलग-अलग विधा के प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं सभी प्रतिभागी इस कला को सीखकर अपनी अपनी विधाओं के साथ जोड़ें। केन्द्र द्वारा कार्यशाला आयोजित कर इसका बीज बोया गया है जिसे वृक्ष तक पहुंचाना प्रतिभागियों का दायित्व है। कार्यशाला विशेषज्ञ रामदेव मीणा द्वारा पेपरमेशी की बारीकियां बताई गई। जिसमें कागज को गलाना, मुलतानी मिट्टी से तैयार लुगदी से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों को तैयार करना आदि। इस अवसर पर प्रदर्शनी भी लगाई गई। साथ ही प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए और केन्द्र को कार्यशाला में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही विशेषज्ञ, सहायक व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। अंत में सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।